an>

Title: Need to run a dialy train between Farrukhabad and New Delhi/Hazrat Nizamudding railway station.

श्री मुकेश राजपूत (फर्रूखाबाद) ः मेरे संसदीय क्षेत्र फर्रूखाबाद से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन या निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन तक कोई ट्रेन नहीं है। फर्रूखाबाद और दिल्ली के मध्य मात्र एक ही ट्रेन चलती है और वह भी बहुत घूमकर चलती है।

अतः माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि एक इंटरसिटी ट्रेन फर्रूखाबाद से हज़रत निजामुद्दीन तक वाया मैनपुरी, शिकोहाबाद, टुण्डला, आगरा और मथुरा होते हुए चलवाने का कष्ट करें, जिससे कि दैनिक यात्रियों को सुविधा हो सके एवं मेट्रो सिटीज पर पड़ने वाले अनावश्यक दबाव को कम किया जा सके।